# पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने गौ संरक्षण एवं पशुपालन व्यवस्था की समीक्षा की

## अब तक 89326 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान एवं 14650 पशुओं का टीकाकरण किया गया, मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 2062 लाभार्थियों को 5735 गौवंश वितरित किए गए, मंत्री ने नस्ल सुधार, बधियाकरण एवं संक्रामक रोगों के नियंत्रण पर दिया विशेष बल, गौवंश संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत हाईवे के किनारे बसे गौवंशों को पहनाई जाएंगी रडियम बेल्ट, गौवंश संरक्षण एवं पशुधन विकास सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल- मंत्री, पशुधन एवं दुग्ध विकास

**अलीगढ़।** प्रदेश के मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन श्री धर्मपाल सिंह जी ने रविवार को सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ गौ-संरक्षण, पशुपालन सेवाओं, चारागाह प्रबंधन एवं संचारी रोग नियंत्रण संबंधी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। मा0 मंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन तक पहुँचाने के लिए पशुधन विभाग का महत्वपूर्ण स्थान है। किसान की आय केवल खेती से ही नहीं बल्कि पशुपालन से भी दोगुनी हो सकती है। यदि खेती प्रभावित होती है तो पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने गायों को प्राथमिकता पर रखा है। मुख्यमंत्री जी ने निराश्रित गौवंश के संरक्षण के लिए 06 विभाग पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, नगर विकास, राजस्व, पुलिस एवं पशुपालन विकास की टीम तैयार कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि गौवंश संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत प्रदेश भर में प्रथम चरण में हाईवे के किनारे बसे ग्रामों में गौवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाई जाएंगी ताकि रात्रि के अंधेरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन श्री धर्मपाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंश संरक्षण के लिए सभी जिलास्तरीय एवं ग्राम स्तरीय गौशालाओं की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। संचारी रोग नियंत्रण के लिए पशुओं के टीकाकरण एवं उपचार की व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाया जाए। चारागाहों की भूमि से अवैध कब्जे तत्काल हटाकर उनका सीमांकन एवं पुनः चारागाह के रूप में विकास कराया जाए। गौशालाओं के संचालन में पारदर्शिता, स्वच्छता एवं हरा चारा-पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देशी गायों का संरक्षण हम सभी का उत्तरदायित्व है। नस्ल सुधार के लिए कृत्रिम गर्भाधान निःशुल्क है। उन्होंने सीवीओ को निर्देशित किया कि नस्ल सुधार, बधियाकरण योजना, संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने महिला स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से भी गौशालाएं संचालित कराने के निर्देश दिए। एसएफसी पूलिंग की धनराशि गौशाला हित में सदुपयोग करने के साथ बीडीओ और पशुचिकित्साधिकारी सप्ताह में दो बार गौशाला का निरीक्षण अवश्य करें। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिवाकर त्रिपाठी ने अवगत कराया कि जिले में 48 पशु चिकित्सालय,



104 पशु सेवा केंद्र एवं 90 कृत्रिम गर्भाधान केंद्र संचालित हैं। जिले में अब तक 89326 पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान एवं 14650 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। 13 पंजीकृत व 15 अपंजीकृत गौशालाओं सहित कुल 117 अस्थाई गौ संरक्षण केंद्रों एवं अन्य आश्रय स्थलों में कुल 31123 गौवंश संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि गौवंश संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत 2062 लाभार्थियों को 5735 गौवंश वितरित किए गए। 5 वृहद गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिले में 21 कैटल कैचर एवं 13 मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स संचालित हैं। बहुउद्देश्यीय सचल वाहन सेवा के माध्यम से 54 शिविरों में 1362 पशु चिकित्सा, 8750 टीकाकरण सहित विविध सेवाएं प्रदान की गईं। भूसा प्रबंधन के अंतर्गत अब तक 32956 कुंतल भूसा दान एवं 136262 कुंतल भूसा क्रय कर कुल 169218 कुंतल भूसा का भंडारण किया गया है। चारागाह भूमि में से 1203.31 हेक्टेयर कब्जा मुक्त कराई जा चुकी है, जिसमें हरा चारा व नेपियर घास की बुवाई की गई है। नंद बाबा दुग्ध मिशन एवं नंदिनी कृषि समृद्धि योजना में वर्ष 2024-25 हेतु 76 लक्ष्यों के सापेक्ष 73 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मा. मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को गौ-संरक्षण एवं पशुपालन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया। बैठक के उपरांत मा0 मंत्री जी ने प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि प्रदेश में गौवंश संरक्षण एवं पशुधन विकास सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उद्देश्य न केवल पशुओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाना है। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 पूर्व सांसद एटा श्री राजवीर सिंह, जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मवीर सिंह लोधी, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम वित्त प्रमोद कुमार, अपर निदेशक डॉ0 प्रमोद कुमार, डिप्टी सीवीओ डॉ राजेन्द्र सिंह, डॉ प्रीति, डॉ विनोद ढाका, डॉ विपिन राठी, डॉ कैलाश राणा, डॉ प्रभा कटियार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, समस्त बीडीओ, पशु चिकित्सक, सहायक अभियंता जल निगम, एडीओ पंचायत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आगरा मंडल में 33 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

## दोनों पालियों में हुई परीक्षा में 13690 परीक्षार्थी हुए शामिल, परीक्षा केंद्रों पर एआई युक्त सीसीटीवी कैमरों से रखी गई नजर, पर्यवेक्षक/ स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे तैनात

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। नकलविहीन और सुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न कराने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप मंडल के 33 केंद्रों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) युक्त सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी गई। दोनों पाली में 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होने थे। जिनमें से करीब 13690 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय को आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद और मैनपुरी में परीक्षा कराने के लिए नोडल केंद्र बनाया गया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 में नकल की रोकथाम के लिए हाईटेक इंतजाम किए थे। बीएड प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. शरद चंद्र उपाध्याय ने बताया कि आगरा मंडल के 33 केंद्रों पर परीक्षा हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हुई। परीक्षा केंद्र पर एक घंटे पहले प्रवेश दिया गया। सुबह से परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ लगी रही। आगरा जिले में प्रथम पाली में कुल 10298 परीक्षार्थियों में से परीक्षा में 8825 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 1437 अनुपस्थित रहे। वहीं दितीय पाली में 8837 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 1461 अनुपस्थित रहे। मथुरा में कुल 2483 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 2139 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 344 अनुपस्थित रहे। वहीं दितीय पाली में 2133 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 350 अनुपस्थित रहे। फिरोजाबाद में कुल 1979 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 1680 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 299 अनुपस्थित रहे। वहीं दितीय पाली में 1747 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 232 अनुपस्थित रहे। मैनपुरी में कुल 1152 परीक्षार्थियों में से प्रथम पाली में 1029 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 123 अनुपस्थित रहे। वहीं दितीय पाली में 1034 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। 118 अनुपस्थित रहे। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न पत्र में 100 प्रश्न पूछे गए। गलत उत्तर देने पर नेगेटिव मार्किंग थी। पहले प्रश्न पत्र में सामान्य ज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी भाषा के प्रश्न पूछे गए। दूसरे पेपर में सामान्य योग्यता और संबंधित विषय के प्रश्न रहे। प्रवेश परीक्षा में बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी आई थीं। दूसरे जिलों से भी परीक्षार्थी आए थे। ऐसे में महिला परीक्षार्थी परीक्षा दे रही थीं तो बच्चों को केंद्र के बाहर परिजन संभाले हुए थे। परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में बनाए गए इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर और हॉटलाइन से जोड़े गए। परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों के नकल करने पर एआई युक्त सीसीटीवी कैमरे की मदद से कंट्रोल रूम तक संदेश पहुंच जाएगा। हॉटलाइन से कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्र पर सूचना दी जाएगी और नकल करने वाले परीक्षार्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए 66 पर्यवेक्षक, 33 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए।

# स्कूल कर्मचारी से लोन दिलाने के नाम पर ठगे 1.13 लाख एसीपी के आदेश पर दो के खिलाफ अभियोग दर्ज

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के कस्बा स्थित गांधी स्मारक किसान इंटर कॉलेज में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात राकेश कुमार निवासी बरौली को लोन दिलाने का झांसा देकर दो युवकों ने उससे 1.13 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित राकेश कुमार ने सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा गौरव कुमार सिंह को दी तहरीर के आधार पर बताया कि उसे अपने निजी कार्य के लिए रुपयों की जरूरत थी। पर्सनल लोन के लिए पीड़ित अपनी सैलरी स्लिप के माध्यम से आगरा में संजय प्लेस स्थित कपड़ा मार्केट स्थित श्रीराधारानी हाउसिंग फाइनेंस में आवेदन किया था। वहीं,मोनू उपाध्याय ने पर्सनल लोन जल्द कराने का उसे आश्वासन दिया। पीड़ित राकेश का आरोप है कि मोनू उपाध्याय को पीड़ित ने 18 जुलाई 2024 को तीन माह की सैलरी स्लिप, वेतन बिल की कॉपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि दस्तावेज मोनू उपाध्याय को सौंपे। मोनू ने प्रोसेसिंग खर्च के लिए 15 हजार रुपये लिए लिए। पीड़ित ने बताया कि 27 सितंबर 2024 को मेरे विद्यालय में मोनू और जितेंद्र सर्वे करने के नाम पर पहुंचे। इसके बाद दोनों लोग पीड़ित के घर पर गांव बरौली पहुंचे। पीड़ित राकेश के मुताबिक आरोपित मोनू ने उससे सिविल खराब होना बताया और डीएसओ जितेंद्र को 20 हजार दिलाए। बाद में फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक की ओर से फाइल रोके जाने की बात बताई और 50 हजार रुपये की मांग की। पीड़ित राकेश ने कर्ज लेकर 50 हजार रुपये उन्हें नकद दिए। बाद में 28 हजार रुपये दो गारंटर के लिए मांग लिए गए। इसी तरह इन ठगों ने पीड़ित से कुल 1.13 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित का आरोप है कि पैसे लेने के बाद दोनों आरोपियों ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा गौरव सिंह के निर्देश पर थाना किरावली पुलिस ने दोनों आरोपी मोनू उपाध्याय व जितेंद्र के के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा 2025 झांसी मंडल द्वारा 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' थीम पर चलाया जा रहा अभियान

## दिनांक 1 जून 2025 को विभिन्न स्टेशनों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में झांसी मंडल में दिनांक 22 मई से 5 जून 2025 तक ÷विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा÷ मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम ÷एंड प्लास्टिक पॉल्यूशन÷ (प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करें) निर्धारित की गई है। इस अभियान के अंतर्गत वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन सहित ग्वालियर, मुरैना, डबरा, दतिया, टीकमगढ़, महाराजा छत्रसाल स्टेशन छतरपुर, खजुराहो, महोबा, बांदा, चित्रकूट एवं उरई स्टेशनों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज दिनांक 1 जून 2025 को विभिन्न स्टेशनों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डबरा रेलवे स्टेशन पर माननीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह तथा मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा द्वारा वृक्षारोपण कर हरित धरती का संदेश दिया गया। इसके साथ ही कई अन्य स्टेशनों और विभिन्न परिसरों में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस की अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे द्वारा 1 लाख वृक्षारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके तहत झांसी रेल मंडल को 5 जून तक 35000 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य केवल स्टेशन परिसरों को प्लास्टिक मुक्त बनाना ही नहीं, बल्कि यात्रियों और आमजन में हरित सोच का विस्तार करना भी है। झांसी मंडल इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है कि जनभागीदारी से पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# मंडी गुड़ में 6 जून को होगा कुश्ती दंगलः यूपी, राजस्थान और हरियाणा के पहलवानों में होगा मुकाबला, कमेटी ने की तैयारियां पूरी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी के मंडी गुड़ गांव में 6 जून को वार्षिक कुश्ती दंगल का आयोजन होगा। दंगल दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के पहलवान हिस्सा लेंगे। दंगल की तैयारियों को लेकर शनिवार को बनखंडी महादेव मंदिर में कमेटी की बैठक हुई। कमेटी के अध्यक्ष पंडित श्याम शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियां तय की गईं। कमेटी ने प्रशासन से पुलिस व्यवस्था की मांग की है। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मिठाई भी बांटी गई। बैठक में उत्तमचंद शर्मा संयोजक, अजीत शर्मा, नेहनू पंडित, सतीश पहलवान, राजेश प्रधान और संजू बाबा



एडवोकेट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजू बाबा एडवोकेट करेंगे। धर्मपाल पहलवान, सत्तो भाई, अशोक चौधरी, संजू बघेल, महावीर बघेल, गोपाल उपाध्याय, आशु शुक्ला, विमल शर्मा और राजेश शुक्ला भी बैठक में शामिल हुए।

# हाईकोर्ट के आदेश की खुलेआम उड़ी धज्जियां

## राजस्वकर्मियों, और अतिक्रमण आरोपियों के बीच सांठगांठ का खुला खेल जारी, शिकायत पर मौके पर भेजा लेखपाल

**किरावली।** माननीय हाईकोर्ट न्यायालय ने विवादित भूमि पर यथास्थिति बहाल रखने के आदेश दिए हैं। लेकिन राजस्वकर्मियों और आरोपियों की मिली भगत के चलते सरकारी भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा विवादित भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण जारी बना हुआ है। राजस्वकर्मियों और भूमि अतिक्रमण आरोपी माननीय न्यायालय के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उडा रहे हैं। प्रशासनिक कामकाज से व्यस्त प्रशासनिक अधिकारियों को भी इस साज़िश की भनक तक नहीं है। भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे राजस्व कर्मी अपने उच्च अधिकारियों को भी गुमराह कर रहे हैं। पूर्व प्रधान शिकायत पर तहसीलदार दीपांकर ने हल्का लेखपाल को जांच के लिए भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक तहसील किरावली के गांव सीकरी चार हिस्सा स्थिति भूमि गाटा संख्या 671/2 रकवा 1.4580 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 686/2 रकवा 0.050 हेक्टेयर (5विस्सा) भूमि सरकारी अभिलेख में उसर भूमि के नाम अंकित है शिकायत कर्ता महावीर सिंह पूर्व प्रधान ने तहसीलदार दीपांकर को बताया है कि गाटा संख्या 688 का 5 विस्सा भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाईवे निर्माण के लिए अधिग्रहण कर लिया है।जो फतेहपुर सीकरी जयपुर मार्ग पर स्थित है। शिकायतकर्ता ने बताया है कि विवादित भूमि पर शकील खां,कामिल खां ,अकील खां, शब्बीर खां पुत्रगण बुन्दाआदि का अनाधिकृत से कब्जा है। आरोपीयों द्वारा प्रदेश में सत्तारूढ़ रही सपा सरकार के शासन काल में सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया था। आरोपी लोग तथाकथित पट्टा धारक के रूप में विवादित भूमि पर अपने स्वामित्व होने का दावा कर रहे हैं। राजस्व विभाग के मुताबिक आरोपियों की निजी भूमि विवादित भूमि से लगी है,। प्रशासनिक अफसर विवादित भूमि को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराने में ना काम साबित हुए हैं। तहसीलदार दीपांकर का कहना है कि विवादित भूमि का प्रकरण माननीय हाईकोर्ट में सन् 1998 से विचाराधीन है। लेकिन किसी भी पक्षकार ने कोर्ट में कोई पैरवी नहीं की है। इसलिए भूमि विवाद का मुकदमा न्यायालय में लम्बत पड़ा है। बताया गया है कि प्रशासनिक लापरवाही का लाभ उठा कर भूमि अतिक्रमण आरोपी विवादित भूमि पर बल पूर्वक कब्जा कर रहे हैं। विवादित भूमि पर जेसीबी के माध्यम से विवादित भूमि की घेराबंदी की जा रही है। तहसीलदार दीपांकर ने पूर्व प्रधान की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जांच के लिए राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को मौके पर भेजा है।

# विश्व पर्यावरण पखवाड़ा दिवस पर आगरा रेल मंडल ने चलाया 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' थीम पर अभियान

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगरा मंडल में दिनांक 22 मई से 5 जून 2025 तक ÷विश्व पर्यावरण दिवस पखवाड़ा÷ मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम ÷एंड प्लास्टिक पॉल्यूशन÷ (प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करें) निर्धारित की गई है। इस अभियान के अंतर्गत आगरा कैंट ,मथुरा जंक्शन, आगरा किला, ईदगाह जं.,राजा की मंडी व धौलपुर स्टेशनों पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैद्य दिनांक- 31/05/2025 को जिला मुख्य आयुक्त सह अपर मंडल रेल प्रबंधक आगरा के मार्गदर्शन में एं जिला आयुक्त (एडल्ट रिसोर्स) सह वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी आगरा के निर्देशन में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के तहत उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, आगरा मंडल द्वारा ग्रुपों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें मुख्यतया



1. पर्यावरण जागरूकता रैली का आयोजन- आगरा छावनी स्थित रेलवे कॉलोनी में स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई।

2. वृक्षारोपण अभियान- इस अवसर स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा रेलवे कॉलोनी एवं आगरा स्काउट हट में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अर्जुन, जामुन, बरगद, अमरूद, नीम, पीपल इत्यादि के 20 पौधे लगाए गए।

3. परिंडा लगाओ - परिंदा बचाव अभियान - स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा गर्मी को देखते हुए एवं स्काउट नियम के पांचवे नियम के तहत पक्षियों के सहायतार्थ परिंडा लगाओ - परिंदा बचाव अभियान की शुरुआत की गई। जिसके तहत रेलवे कॉलोनी एवं स्काउट हट आगरा छावनी में मिट्टी के बर्तन को परिंडा के रूप में पेड़ो पर लगाया गया, जिससे पक्षियों को गर्मी में पीने हेतु पानी उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सभी सदस्यों द्वारा एक - एक परिंडा गोद लिया गया ताकि वह प्रतिदिन उसमें पानी भरना सुनिश्चित कर सके। कम्युनिटी हॉल साउथ रेलवे कॉलोनी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसके तहत प्लास्टिक प्रदूषण जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित की गई वही इस अवसर पर पौधारोपण किया गया साथ ही गर्मियों में प्यासे पंछियों के लिए जगह जगह परिंडा लगाओ- परिंदा बचाओ अभियान के तहत परिंडा भी लगाया गया।



4. बीट प्लास्टिक पोल्यूशन अभियान - विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अंतर्गत विषय बीट प्लास्टिक पोल्यूशन विषय पर स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों को जागरूक किया गया एवं उनके द्वारा अपने घरों से लिए प्लास्टिक बोतलों को पर्यावरण बचाव हेतु उपयोगी उपाय बताए गए। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों की निगरानी में स्टेशन स्टाफ व स्वच्छता कर्मियों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जनता ने भी इन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी दिखाते हुए पर्यावरण संरक्षण के इस उद्देश्य को समर्थन दिया। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य केवल स्टेशन परिसरों को प्लास्टिक मुक्त बनाना ही नहीं, बल्कि यात्रियों और आमजन में हरित सोच का विस्तार करना भी है। आगरा मंडल इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है कि जनभागीदारी से पर्यावरण की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# प्राचीन मंदिर गोविंद भगवान में चोरी का प्रयास का खुलासा, शातिर 1 चोर किया गिरफ्तारः तमंचा बरामद

**हाथरस।** कोतवाली सदर पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शहर के घंटाघर स्थित श्री गोविंद भगवान के मंदिर मे चोरी करने के प्रयास की घटना का सफल खुलासा करते हुए आज 1 चोर को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व 1 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया है।

ज्ञात रहे कि गत 29 मई को मंदिर श्री गोविंद भगवान प्रबंध समिति के अध्यक्ष मुकुल आनन्द द्वारा कोतवाली सदर पर अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि को मंदिर मे ताला तोडकर चोरी करने का प्रयास सूचना दी थी । जिसमें सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना का सफल खुलासा करने व घटना करने वाले चोरों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया था 7 जिसके क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए 1 चोर को तरफरा गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तार किए गए चोर ने पुलिस को अपना नाम राजू पुत्र रमेश चन्द्र निवासी ब्लाक न. 65 मं.नं. 1036 काशीराम कालौनी बताया है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक गिरीश चंद्र गौतम मय टीम कोतवाली सदर शामिल थे।



# क्षय मरीजों की संख्या में वृद्धि, स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी, 2025 में अब तक 2066 मरीजों की हुई पहचान

**हाथरस।** जिले में क्षय रोग मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। 2025 में अब तक 2066 मरीजों की पहचान हुई है, जबकि 2024 में 5080 मरीज मिले थे। जिले में 17 बलगम जांच केंद्र और नौ एक्स-रे साइट स्थापित किए गए हैं, जहां टीबी की जांच और इलाज मुफ्त किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग ने टीबी उन्मूलन के लिए कई कदम उठाए हैं। सात दिसंबर 2024 से शुरू हुए 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में चार लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 2344 नए मरीजों की पहचान कर इलाज शुरू किया गया। निक्षय पोषण योजना के तहत अब तक 4.13 करोड़ रुपए की राशि मरीजों के खातों में भेजी जा चुकी है। जिले की 462 ग्राम पंचायतों में से 79 को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। सीएमओ डॉ. मंजीत सिंह ने लोगों से अपील की है कि दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, सीने में दर्द, रात में बुखार और पसीना आने के लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी की जांच कराएं। इलाज की सफलता दर 2022 में 91 प्रतिशत और 2023 में 92 प्रतिशत रही। 2024 में यह दर 76 प्रतिशत रही। स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले में टीबी को पूरी तरह से खत्म किया जाए। इसके लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेने वालों की राह में कोई भी ताकत बाधा नहीं बन सकती : योगी आदित्यनाथ

- आगरा में आयोजित पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 संगोष्ठी को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित
- बोले योगी, विदेशी आक्रांताओं ने जिन मंदिरों को किया नष्ट-भ्रष्ट, अहिल्याबाई ने कराया उनका पुनरोद्धार
- पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन डबल इंजन सरकार की प्रेरणा : योगी आदित्यनाथ
- लोकमाता से प्रेरणा लेकर डबल इंजन सरकार चला रही महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं : सीएम योगी
- सुरक्षा और आत्मरक्षा के लिए मालवा में किये गये उनके कार्यों से हमें मिलती है सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक की प्रेरणा : सीएम
- विपक्ष पर योगी आदित्यनाथ का तंज, पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे
- लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखे गये डिग्री कॉलेज का पिछली सरकारों ने बदला था नाम, हमने मेडिकल कॉलेज का नामकरण उनके नाम पर किया : योगी आदित्यनाथ

सांध्य पहल संवाददाता


**आगरा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के अंतर्गत आगरा में आयोजित विशाल संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर मालवा साम्राज्य की महारानी थीं, जिसका विस्तार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कुछ क्षेत्रों तक था। मुगल कालखंड में जब विदेशी आक्रांताओं ने भारत की अस्मिता और आस्था के प्रतीकों, खासकर मंदिरों को नष्ट और भ्रष्ट किया, तब देवी अहिल्याबाई ने ढाई सौ साल पहले इनके पुनरोद्धार का महान कार्य किया। उन्होंने इस समारोह को लोकमाता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक माध्यम बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत आगरा को ब्रजभूमि के रूप में संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक धरती, जिसे भगवान कृष्ण का सानिध्य प्राप्त हुआ, आज हमें गर्व का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का आगरा में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया।

**पुण्यश्लोक का व्यक्तित्व आज भी हमें प्रकाश और प्रेरणा दे रहा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब समाज अपने राष्ट्रनायकों और नायिकाओं से प्रेरणा लेता है, तो कोई भी ताकत उसके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोकमाता अहिल्याबाई का विराट व्यक्तित्व इसका जीवंत उदाहरण है। उन्होंने महिलाओं, हस्तशिल्पियों, कारीगरों, किसानों, युवाओं, सुरक्षा और भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए जो कार्य किए, वे अविस्मरणीय और अभिनंदनीय हैं। उन्होंने बताया कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई ने राजकोष की जगह अपने निजी धन से पुरी के जगन्नाथ मंदिर, गया के मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर, केदारनाथ धाम, महाकाल मंदिर, ओमकारेश्वर मंदिर, सोमनाथ मंदिर, भीमाशंकर मंदिर और रामेश्वरम मंदिर सहित अनेक धार्मिक स्थलों का पुनरोद्धार किया। उन्होंने मात्र 70 वर्ष का जीवन जिया, लेकिन उनका व्यक्तित्व आज भी हमें प्रकाश और प्रेरणा दे रहा है।

**लोकमाता ने आत्मरक्षा के गुण सिखाए**







मुख्यमंत्री ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के कार्यों से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार तमाम योजनाएं सांचालित कर रही है। सीएम योगी ने लखपति दीदी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना और आत्मनिर्भर भारत अभियान का विशेष उल्लेख किया। साथ ही, काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, महाकाल में महालोक, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम, सोमनाथ और रामेश्वरम मंदिरों में हो रहे कार्यों को भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया। सीएम योगी ने कहा कि लोकमाता ने मालवा साम्राज्य को आत्मरक्षा के गुण सिखाए। आज भारत की सेना उसी प्रेरणा से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करती है। जब पाकिस्तान आतंकियों को पालता है, तो भारत घुसकर मारता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के एयर सिस्टम को ध्वस्त कर दुश्मन को झुकने के लिए मजबूर किया। यह लोकमाता के विराट व्यक्तित्व की प्रेरणा का परिणाम है।

**पहले कुछ लोग माफिया पालते थे**

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले कुछ लोग माफिया को पालते थे, जो कानून व्यवस्था के लिए संकट पैदा करते थे। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने लोकमाता के नाम पर औरैया में मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया। पहले कुछ लोग उनके नाम पर बने डिग्री कॉलेज का नाम बदल देते थे, लेकिन हम उनकी विरासत को सम्मान दे रहे हैं। सीएम योगी ने देवी अहिल्याबाई द्वारा महिलाओं और हस्तशिल्प के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जैसे काशी में बनारसी साड़ी विश्वविख्यात है, वैसे ही लोकमाता ने माहिष्मती की साड़ियों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने महिलाओं के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई, जो आज भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, उनकी पत्नी सुदेश धनखड़, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, संगोष्ठी के आयोजक एवं संयोजक केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, महाराष्ट्र विधानपरिषद् के सभापति श्रीराम शिंदे, सांसद वीके पार्थसारथी, सांसद वाचस्पति नागराजू, गोवा के पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रकांत कवलेकर, कार्यक्रम के अध्यक्ष हरि सिंह, प्रदेश सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित पाल और बघेल समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## मस्जिद में एक ही समुदाय के दो पक्षों ने किया जमकर बवाल




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के कस्बा स्थित मीरनशाह मस्जिद में शनिवार देर शाम एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। मस्जिद में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में तब्दील हो गई। बताया जा रहा है कि बवाल मचाने वाला युवक पहले से ही थाने में अन्य मामलों में वांछित है। घटना की सूचना मिलते ही नवागत थाना प्रभारी अछनेरा देवेंद्र द्विवेदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस झगड़े में एक छोटी बच्ची का सिर फट गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार, झगड़े में शामिल युवक मोहल्ला शेखान का निवासी है। और पहले से ही कई मामलों में पुलिस को वांछित है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## तेज हवाओं के साथ बारिश: सुबह से छाए रहे हल्के बादल

### दोपहर में उमस ने किया बेहाल; शाम को बारिश से मौसम सुहाना

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा में मौसम एक बार फिर से बदल गया है। सुबह से हल्के बादल छाये थे। दोपहर में उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया लेकिन शाम को बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया। शहर में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस दोनों से राहत मिली। शनिवार रात को भी हल्की बारिश हुई थी। इससे रविवार सुबह न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। 1 जून को न्यूनतम तापमान सामान्य से 5.1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस था। जबकि पिछले 8 दिनों में 31 मई सबसे गर्म दिन रहा। हालांकि पिछले 10 सालों में 31 मई को इस बार चौथी बार सबसे अधिक गर्मी रही।



**पिछले दिनों ये रहा तापमान**

शनिवार को अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि 25 मई को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा था। 31 मई की डेट का पिछले 10 साल का रिकार्ड देखें तो वर्ष 2019 में इस डेट को सबसे अधिक गर्मी रही थी।

**देखें तापमान की स्थिति**

31 मई 19 को अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रहा था। वर्ष 2016 से 2025 के बीच 31 मई को दूसरी बार सबसे अधिक गर्मी 2024 को रही थी। 31 मई 2024 को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा था। इस दिन वर्ष 2018 में अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस रहा था।

**पूर्वानुमान : 4 जून तक बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार, 1 से 4 जून तक आंधी बारिश को लेकर अलर्ट है। धूल भरी आंधी चलने से परेशानी हो सकती है। हालांकि इस बीच तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा।

## धनौली में हार्डवेयर की दुकान में चोरी : 25 हजार नकदी समेत लाखों का सामान चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद के थाना मलपुरा क्षेत्र में एक हार्डवेयर की दुकान से चोरी का मामला सामने आया है। धनौली ब्राह्मण थोक निवासी बलदेव भारद्वाज की बजरंग हार्डवेयर इलेक्ट्रिकल्स दुकान का ताला तोड़कर चोरी की गई। रविवार सुबह करीब 9-10 बजे जब बलदेव दुकान पहुंचे, तो दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। दुकान से 25 हजार रुपए की नगदी के अलावा पीतल की टोंटियां और अन्य कीमती सामान गायब था। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर नजर आया, जिसने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था।पीड़ित ने चोरी की सूचना थाना मलपुरा पुलिस को दी। उन्होंने पुलिस को एक शिकायत पत्र के साथ सीसीटीवी फुटेज भी सौंपी है। थाना प्रभारी मलपुरा पवन कुमार सैनी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच की जा रही है।



## सिंधी समाज सेवा समिति के बैनर तले हुआ रक्तदान: 92 यूनियन रक्त किया मानवता के नाम

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** रक्तदान करें, जीवन बचाएं, यही है सच्ची सेवा और मानवता का संदेश% इसी सोच के साथ सिंधी समाज सेवा समिति के तत्वावधान में पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत आगरा और लोकहितम ब्लड बैंक के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। झूलेलाल भवन जयपुर हाउस में आयोजित इस रक्तदान शिविर में लोगों ने पूरे उत्साह से बढ़ चढ़कर भाग लिया। शिविर में सबसे ज्यादा यूनिट रक्तदान किया गया।

संस्था की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सोनी ने कहा कि रक्तदान करने से नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है। हृदय और कैंसर जैसे रोगों का खतरा कम होता है और शरीर में आयरन का स्तर संतुलित रहता है। वहीं इस प्रकार की पहल से समाज में न सिर्फ जागरूकता आती है बल्कि जरूरतमंदों को समय पर जीवनरक्षक सहायता भी मिलती है। इस अवसर पर पीर डा शंकर नाथ योगी, चन्द्र प्रकाश सोनी, हेमंत भोजवानी, घनश्याम दास देवनानी, धर्म पाल कश्यप, राजा केशवानी, परमानन्द अतवानी , रवि गिडवानी, जेठा नन्द पुरसनानी , गुन्नी भाई, मेघराज दियालानी, सुशील नोतनानी, संजय पुरसनानी, विजय त्रिलोकानी, कमलेश भावनानी, भजन लाल होत्चंदानी, किशोर बुधरानी, महेश मंगरानी, सतीश वाधवानी, विक्की बाबा, कमल कुकरेजा, दौलत खूबनानी, हरीश मोटवानी, सुन्दर चेतवानी, हरीश तहल्याणी, लक्ष्मण रामत्री, रोहित आयलानी, नरेश् डोडवानी आदि लोग मौजूद रहे।




## शाहगंज पुलिस मुठभेड़ में दो बाइक चोर गिरफ्तार एक मुठभेड़ में हुआ घायल

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** चोरी की दो मोटर साइकिल के साथ दो अभियुक्तों को थाना शाहगंज पुलिस टीम ने बैरियर चैकिंग के दौरान पुलिस मुठभेड़ में किया गिरफ्तार पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से एक अभियुक्त हुआ घायल। पुलिस आयुक्त, आगरा दीपक कुमार एवं पुलिस उपायुक्त, नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत बैरियर लगाकर लगातार संदिग्ध व्यक्ति।वाहन की चेकिंग की जा रही है। 31 मई व 01 जून की रात्रि को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा सीओडी तिराहे पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग की जा रही थी, तभी दो मोटर साइकिल पर सवार एक एक व्यक्ति आते दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा आगे आ रहे मोटर साइकिल सबार को चेकिंग हेतु रुकने का इसारा किया गया, जिससे मोटर साइकिल सवार पीछे मुड़कर रामनगर की पुलिया की तरफ भागने लगा जिसको देखकर पीछे आ रहा मोटर साइकिल सवार भी मुड़कर पहले मोटर साइकल सवार के पीछे पीछे चल दिया, पुलिस टीम द्वारा दोनों मोटर साइकिल सवार का पीछा करते हुए पथौली चौकी के पास रोड पर बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही पुलिस टीम को सूचना दी गयी, सूचना पर पुलिस टीम द्वारा सतर्क दृष्टी रखी जा रही थी। कुछ समय बाद आगरा की तरफ से दो व्यक्ति अलग अलग मोटर साइकिल पर सवार आते हुए दिखाई दिये। जो पुलिस को देखकर मोटर साइकिल मोड़कर सरिता धाम कालोनी को जाने वाले रोड़ पर भागने लगे, जिसमें से एक व्यक्ति हड़बड़ाकर गिर गया, पुलिस को अपने पास आता देख गिरे हुए व्यक्ति ने जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायरिंग कर दी, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी संयमित जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी, अभियुक्त को घायल अवस्था में पुलिस हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरे भागे हुए मोटर साइकिल सवार का पीछा कर पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त ने अपना नाम विष्णु कश्यप पुत्र विनोद कश्यप निवासी मोहल्ला गुलाम नगर, बोदला थाना जगदीशपुरा,आगरा बताया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 देशी तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्द व 01 खोखा कारतूस .315 बोर, 01 मोटर साइकिल व 200/ रुपये बरामद हुए। गिरफ्तार दसरे अभियुक्त ने अपना नाम विवेक जाटव पुत्र विनय जाटव निवासी ग्राम अकोला, चाहरवाटी थाना कागारैल हाल निवासी मोहल्ला गुलाम नगर, बोदला थाना जगदीशपुरा बताया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 मोटर साइकिल बरामद हुई है।



**बाइक को चोरी कर झाड़ियों में छुपा देते थे**

पुलिस ने अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद दोनों मोटर साइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि बरामद दोनों मोटर साइकिल दोनों अभियुक्तों ने मिलकर चोरी की हैं जिसमें से एक मोटर साइकिल सूला नगर मारूति स्टेट कालोनी थाना जगदीशपुरा से चोरी की है तथा एक मोटरसाईकिल कोठी मीना बाजार शाहगंज से चोरी की थी, दोनों मोटरसाईकिल को अभियुक्तों ने कोठी मीना बाजार के ग्राउण्ड के पास झाड़ियों में छिपा दिया था, दोनों अभियुक्त आज दोनों मोटर साइकिल को बेचने के लिए लेकर जा रहे थे।

**मुठभेड़ में शामिल अधिकारी**

पुलिस मुठभेड़ मे थाना प्रभारी शाहगंज विरेश पाल गिरी एसआई अक्षय राणा, एसआई प्रिन्स सिंह, एसआई हर्ष प्रकाश, हेड कास्टेबल अरूण कुमार,व दीपक शर्मा, कास्टेबल दीपक लठवाल,व मोमराज, और बहादुर सिंह शामिल रहे।

## पंचायत घर व मंदिर में चोरी करने वाले दो चोरों को थाना डौकी पुलिस ने किया गिरफ्तार, सामान बरामद



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं मे बांछित दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 अदद इन्वर्टर, 01 अदद बड़ी बैट्री, 01 अदद माउस, 01 अदद की बोर्ड, 01 अदद प्रिन्टर व 01 अदद यूपीएस बरामद हुए। 05 मई को पीड़ित देवेन्द्र कुमार द्वारा थाना डौकी पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित आयुष्मान आयोग मन्दिर कछुपुरा कुण्डौल पर कार्यरत है। 27 मार्च की सुबह आशा द्वारा उसको बताया गया कि अज्ञात लोगो द्वारा आयुष्मान आयोग मन्दिर कछुपुरा कुण्डौल का ताला तोड़कर चोरी कर ली गयी है। जिसमें 101 फ्रीज 01 प्रिन्टर 01 वेट मशीन आदि सामान चोरी हुआ है। दूसरी घटना 31 मई को पीड़ित बृजमोहन द्वारा थाना डौकी पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित वर्तमान में सेवला गौरबा का प्रधान पद पर कार्यरत है। करीब 15 दिन पूर्व उसके गांव में बने पंचायत घर से किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पंचायत घर में रखें इनवर्टर, बैटरी, वाई फाई प्रिन्टर कम्प्यूटर आदि सामान चोरी कर लिया गया है। उक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना डौकी पर पुलिस टीमों को गठन किया गया। एक जून को थाना डौकी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग की जा रही थी दौराने चैकिंग पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुये उक्त घटना में संलिप्त दो अभियुक्त करन पुत्र मुरारीलाल निवासी ग्राम सेवला गौरवा थाना डौकी व सुमित पुत्र मेघ सिंह निवासी ग्राम सेवला गौरवा थाना डौकी को पूठा झील चौराहे से कोलारा कलां बाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद इन्वर्टर, 01 अदद बड़ी बैट्री, 01 अदद माउस, 01 अदद की बोर्ड, 01 अदद प्रिन्टर व 01 अदद यूपीएस बरामद हुआ। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में इंस्पेक्टर डौकी योगेश कुमार उप निरीक्षक धनेश कुमार उप निरीक्षक अरविन्द पिलानिया उप निरीक्षक मोहित कुमार महिला उप निरीक्षक स्वेता रानी कास्टेबल सौरभ कुमार शामिल रहे।

## मैनेजर के साथ लूट करने वाला एक अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, अभी तीन वांछित

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट करने वाली घटना में संलिप्त अभियुक्त को थाना सैंया, एसओजी/सर्विलांस (पश्चिमी जोन) की संयुक्त पुलिस टीम ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। 20 मई को थाना सैंया पर एक व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई कि उसका नाम सोहनलाल वर्मा है जो आईआईएफसीएल समस्त एलटीडी में ब्रान्च मैनेजर के पद पर कार्यरत है। उसकी कंपनी ग्रामीण क्षेत्र की निम्न वर्ग की महिलाओं को लोन की सुविधा प्रदान करती है। उसने बताया कि वह 20 मई को क्षेत्र से कलेक्शन करके शाखा की तरफ आ रहा था तो मोहरे और लादूखेड़ा के बीच रास्ते में मोटर साइकिल सबार तीन लोगों ने उसका बैग जिसमें रखे 62,170 रुपए व आईडी कार्ड व मिनिट बुक लूट लिया था। उपरोक्त घटना के सफल अनावरण व घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना सैंया पर पलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में एक जून को गठित पलिस टीमों द्वारा चेकिंग/गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियक्त साहब सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी कछिलपुरा थाना सदर जिला धौलपुर राजस्थान को गणेशपुरा चोराहे के पास से पुलिस मठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व रू0 12,000 रुपए बरामद किये गये । पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त साहब सिंह घायल होने के कारण उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया ।



**आरोपी के जीजा ने की थी मुखबिरी चारों ने मिलकर दिया घटना को अंजाम**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की गई तो बताया कि ये रूपये उसने और उसके साथी अनीश व छोटू ने लगभग 10 11 दिन पहले नगला मोहरे व लादूखेडा के बीच में एक फाइनेंस कंपनी के एजेन्ट से छीने थे । उसका जीजा बैजनाथ ने इस घटना की मुखबिरी की थी कि वो एजेन्ट रूपयों से भरा बैग लेकर निकला है। अभियुक्त ने बताया कि उन चारों लोगों ने मिलकर लूट की योजना बनाई थी। जिसके बाद लूट में मिले 64,000/ को बराबर 2 बाँट लिया था। बाकी रूपये खर्च हो गये जो बचे है ये लूट के पैसे है। पुलिस के अनुसार अभी अभियुक्त अनीश गुर्जर पुत्र बलवीर निवासी मारौली मोड थाना कोतवाली जिला धौलपुर राजस्थान व छोटू कुशवाह पुत्र अज्ञात जिला धौलपुर राजस्थान और बैजनाथ पुत्र सोबरन सिंह निवासी बाबूपुरा थाना मनिया जिला धौलपुर राजस्थान अभी फरार चल रहे है उनको जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस टीम में थाना प्रभारी सैंया उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एसओजी टीम के प्रभारी सचिन कुमार सर्विलांस टीम के प्रभारी अनुज कुमार उप निरीक्षक शिवेन्द्र कुमार उप निरीक्षक सौरभ कुमार उप निरीक्षक अमित सैनी उप निरीक्षक मौहम्मद आरिफ सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## ललितपुर में पुलिस की बड़ी कार्रवाही

# अंतर्राज्जीय गौंड चोर गिरोह का पर्दाफाश, आठ अभियुक्त गिरफ्तार



**ललितपुर।** ललितपुर पुलिस और स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक संगठित अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हांसिल की है। यह गिरोह, जिसमें अधिकांश अभियुक्त गौंड समुदाय से हैं, मध्य प्रदेश के सागर जिले से संचालित हो रहा था। पुलिस ने पहले तीन अभियुक्तों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार किया था और अब पांच और अभियुक्तों को टैलैगो ग्राउंड, ललितपुर से हिरासत में लिया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से अवैध हथियार, चोरी के उपकरण, एक बोलेरो और एक स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। यह कार्रवाई थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज चोरी के प्रयास के मामले (मु.अ.सं. 623/2025, धारा 331(4), 305, 62 बीएनएस) के तहत की गई। ललितपुर पुलिस की इस कार्रवाई ने एक संगठित अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पूरी तरह से पर्दाफाश किया है। पुलिस की सतर्कता और तकनीकी संसाधनों के उपयोग ने इस मामले में प्रभावी परिणाम दिए, लेकिन यह घटना समाज और सरकार के लिए यह सवाल भी उठाती है कि सामाजिक-आर्थिक समावेशन और पुनर्वास के लिए और क्या कदम उठाए जा सकते हैं। अभियुक्तों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

**घटना का विवरण**

31 मई 2025 को तिलक सिंह पुत्र भैरों प्रसाद, निवासी गौर कॉलोनी ने पुलिस को सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने उनके मकान के गेट का ताला काटकर चोरी का प्रयास किया। इस आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस, और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की।

**पुलिस की कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में चार पुलिस टीमें गठित की गईं।

31 मई 2025 को नाकाबंदी के दौरान महरौनी की ओर से आ रही एक बोलेरो कार को रोकने का प्रयास किया गया। संदिग्धों ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस की आत्मरक्षा में की गई फायरिंग में तीन अभियुक्त बुंदेल सिंह, देशपाल, और सूरज- घायल होकर पकड़े गए। इसके बाद, सघन जांच और सर्विलांस के आधार पर पांच अन्य अभियुक्तों- रोहित, नेपाल उर्फ राजा गौड़, खुशीराम, बृसने उर्फ ब्रासनीय और आकाश-को-टैलैगो ग्राउंड से गिरफ्तार किया गया।

**बरामद सामान**

पुलिस ने बदमाशों से सामान बरामद किया, जिसमें पहली कार्रवाई (मुठभेड़)- 3 अवैध देशी तमंचे (315 बोर), 3 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस, 1 बोलेरो कार, 1 लोहे का सब्बल, 2530 रुपये नकद। दूसरी कार्रवाही एक लोहे का कटर, 2 पेचकश, 1 स्कॉर्पियों कार

**अभियुक्तों का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त, सभी गोंड समुदाय से बुंदेल सिंह (28 वर्ष), शाहगढ़, थाना बण्डा, सागर, म.प्र., देशपाल (24 वर्ष), शाहगढ़, थाना बण्डा, सागर, म.प्र., सूरज (20 वर्ष), सौदरा, थाना खुरई, सागर, म.प्र., रोहित (19 वर्ष), शाहगढ़, थाना शाहगढ़, सागर, म.प्र., नेपाल उर्फ राजा गौड़ (26 वर्ष), शाहगढ़, थाना शाहगढ़, सागर म.प्र., खुशीराम (28 वर्ष), शाहगढ़, थाना शाहगढ़, सागर म.प्र., बृसने उर्फ ब्रासनीय (19 वर्ष), शाहगढ़, थाना शाहगढ़, सागर म.प्र., आकाश (23 वर्ष), शाहगढ़, थाना शाहगढ़, सागर म.प्र. आदि बताये गये हैं।

**पूछताछ में खुलासा**

अभियुक्तों ने पूछताछ में कबूल किया कि वे एक संगठित गिरोह का हिस्सा हैं, जो घरेलू सामान बेचने के बहाने दिन में रेकी करता है और रात में चोरी की वारदात को अंजाम देता है। 29 मई 2025 को उन्होंने ललितपुर के कैलगुआ चौराहे के पास गौर कॉलोनी में रेकी की और तिलक सिंह के मकान को निशाना बनाया।

ताला काटकर वे अंदर घुसे, लेकिन घरवालों की आहट और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण भाग गए। उन्होंने बताया कि वे बोलेरो और स्कॉर्पियो कारों का उपयोग करते थे और चोरी के दौरान गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा करते थे।

**गौंड समुदाय और अपराधिक प्रवृत्ति**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता और अपराध शास्त्र के शोधार्थी रहे पुष्पेन्द्र सिंह चौहान बताते हैं कि गोंड जनजाति भारत की सबसे बड़ी आदिवासी समुदायों में से एक है, जो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, और अन्य राज्यों में फैली है। 2011 की जनगणना के अनुसार, गोंडों की जनसंख्या 11.3 मिलियन से अधिक है। ब्रिटिश सरकार ने 1871 के क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट के तहत गोंडों सहित कई जनजातियों को अपराधिक जनजाति घोषित किया। आजादी के बाद, भारत सरकार ने इन जनजातियों को गैर-अधिसूचित जनजाति का दर्जा देकर इस कलंक को हटाने का प्रयास किया। फिर भी, सामाजिक-आर्थिक पिछड़ापन, शिक्षा और रोजगार के अवसरों की कमी, और ऐतिहासिक अन्याय ने कुछ गोंड समुदायों में अपराध की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। गरीबी, संसाधनों तक सीमित पहुंच, और सामाजिक भेदभाव जैसे कारक अपराध की ओर प्रेरित करते हैं। गोंड समुदाय के कुछ सदस्य, जैसा कि इस मामले में देखा गया, संगठित अपराध में शामिल हो गए, जो उनकी आर्थिक मजबूरी और सामाजिक परिस्थितियों का परिणाम हो सकता है।

**पुलिस टीम और पुरस्कार**

पहली कार्रवाही- क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, स्वाट टीम प्रभारी। दूसरी कार्रवाही- प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उपनिरीक्षक अतुल तिवारी (स्वाट प्रभारी), उपनिरीक्षक अरुण पवार (सर्विलांस प्रभारी)। पुलिस अधीक्षक ने पहली कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

# नशा समाज को दूषित कर अपराध को देता है जन्म : पारूल सिंह

## थानाध्यक्ष सौजना ने जन चौपाल आयोजन



**ललितपुर।** सौजना थानाध्यक्ष पारुल सिंह ने थाना क्षेत्र के गांव-गांव जाकर जन चौपालों का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने ग्राम रुकवाहा में जन चौपालों में ग्रामीणों से अपील की कि आमजन आगे आकर पुलिस का सहयोग करें तो निश्चित ही समाज में भयमुक्त वातावरण का निर्माण होगा। ग्रामीणों को नशा से दूर रहने की नसीहत देते हुए कहा कि नशा समाज को न सिर्फ दूषित करता है बल्कि अपराधों को भी जन्म देता है। नशा के दुष्परिणामों से कई परिवार विघटन की स्थिति में आ गए हैं। अतः आम ग्रामीणजन नशा जैसी प्रवृत्ति को दूर करें और यदि अन्य कोई नशे की गिरफ्त में है तो उसे भी नशा की प्रवृत्ति से बाहर लाने का प्रयास करना चाहिए। भारतीय नागरिकों के लिए सुरक्षित डिजिटल भुगतान प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। साइबर फ्रॉड के शिकार हुए लोग इस 4 अंको की हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कभी भी कॉल कर सकते हैं। इस हेल्पलाइन नंबर को संबंधित राज्य पुलिस द्वारा संचालित किया जाता है। इस नंबर पर की गई शिकायत पर साइबर फ्रॉड से संबंधित विवरण लिया जाएगा और फ्रॉड रिपोर्टिंग और मैनेजमेंट सिस्टम पर एक टिकट जारी किया जाएगा। इसके बाद संबंधित बैंक, वॉलेट या व्यापारी को भेजा जाएगा, ताकि फ्रॉड किए गए रकम को फ्रीज किया जा सके। रकम फ्रीज होने के बाद साइबर अपराधी इस रकम का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। अगर, फ्रॉड के बैंक में यह राशि ट्रांसफर हो गया है, तो भी यह प्रक्रिया तब तक जारी रहेगी, जब तक की पैसे की वसूली नहीं हो जाती।

नेशनल हेल्पलाइन नंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंक और ऑनलाइन वॉलेट के सहयोग से डेवलप किया गया है। हेल्पलाइन नंबर होने से वे लोग भी साइबर क्राइम को रिपोर्ट कर सकेंगे, जो इंटरनेट इस्तेमाल करने में सक्षम नहीं हैं। साथ ही, साइबर क्राइम को रिपोर्ट करने के लिए थाने का चक्कर नहीं लगाना होगा। शासन की इसी मंशा के चलते थाना क्षेत्र के गांव-गांव में जनचौपालों का सतत आयोजन किया जा रहा है।

## नमामि गंगे योजना में भ्रष्टाचार के आरोप

# ललितपुर में अनियमित्ताओं की शिकायत



**ललितपुर।** नमामि गंगे परियोजना के तहत जिले में गंभीर अनियमित्ताओं और भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह बुंदेला ने शासन को पत्र लिखकर जिला प्रशासन और ठेकेदारों पर गुणवत्ताहीन कार्यों, धन के दुरुपयोग और जनता की अनदेखी करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**क्या हैं आरोप ?**

अधूरी सड़क मरम्मत, पेयजल पाइपलाइन बिछाने के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को खोदा गया, लेकिन मरम्मत कार्य ठीक से नहीं किया गया। कई स्थानों पर गड्ढे भरने के लिए केवल मिट्टी डालकर काम चलाया गया, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई है।

**निम्नस्तरीय जल टंकियों का निर्माण**

जल संरक्षण के लिए बनाई गई टंकियों में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे उनमें दरारें आ गई हैं। कई टंकियां पूरी तरह काम नहीं कर रही हैं, जिससे जलभराव की समस्या पैदा हो रही है।

**पारदर्शिता का अभाव**

योजना के कार्यों की निगरानी के लिए ग्राम स्तर पर कोई जनसुनवाई या सूचना साझा नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों की अनदेखी करके कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है।

**मांग- उच्चस्तरीय जांच एवं कार्रवाई**

हरेंद्र बुंदेला ने अपने पत्र में मांग की है कि जिले में नमामि गंगे परियोजना के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया**

इस मामले पर जब ललितपुर के प्रशासनिक अधिकारियों से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने कहा कि हमें अभी तक कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। यदि कोई अनियमितता हुई है, तो उसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नमामि गंगे परियोजना के विशेष सचिव ने बताया कि वे इस शिकायत को गंभीरता से ले रहे हैं और जल्द ही एक जांच टीम गठित की जाएगी।

**राजनीतिक प्रतिक्रियाएं**

सत्तादल के नेताओं का कहना है कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करती है। यदि किसी ने गलत काम किया है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**विपक्ष के अलग हैं सुर-ताल**

विपक्षी दलों ने इस मामले को उठाते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, लेकिन प्रशासनिक अमला गंभीर नहीं है। यह मामला एक बार फिर सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। नमामि गंगे जैसी प्रतिष्ठित योजना में भ्रष्टाचार के आरोप चिंताजनक हैं और जनता की नजर अब प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत की मिट्टी उठाने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम सिरोंन निवासी धनीराम कुशवाहा पुत्र धन्जू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 29 मई की रात करीब 8 बजे गांव के माखन पुत्र भजन कुशवाहा उसके खेत से मिटटी उठा रहा था। तभी उसने मना किया तो माखन ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने आया उसका पुत्र राघवेन्द्र के साथ भी मारपीट कर ट्रैक्टर से खदेड़ दिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये मोटर साइकिल को ट्रैक्टर से क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) व 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से गंभीर घायल हुआ था युवक

**उपचार के दौरान ग्वालियर में हुयी मौत, एफआईआर दर्ज**

ललितपुर। चौकी बिरधा अंतर्गत रहने वाले दिनेश पुत्र हरलाल साहू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 अप्रैल 2025 को शाम करीब 6.40 बजे उसका तीस वर्षीय पुत्र विकास साहू अपने मामा ग्राम डोंगराखुर्द निवासी राजेश साहू पुत्र काशीराम के साथ मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.बी. 2973 पर पीछे बैठकर सौजना की ओर से बिरधा वापस आ रहा था। बताया कि जैसे ही राजेश साहू बाइक चलाते हुये पाली स्थित चंदेल महाविद्यालय के पास पहुंचा ही था कि तभी मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 ए.डी. 4910 पल्सर के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। घायलावस्था में उसके पुत्र को एम्ब्युलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया। यहां भी हालत में सुधार न होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां से भी उसे ग्वालियर ले जाया गया, जहां के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसके पुत्र की 3 मई 2025 को मृत्यु हो गयी। ग्वालियर के कम्पू थाना पुलिस ने उसके पुत्र के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मकान निर्माण को लेकर हुआ विवाद

**आधा दर्जन से अधिक लोगों ने कुल्हाड़ी से की मारपीट**

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम चौकी निवासी सोमनाथ पुत्र भजनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके बड़े भाई शिवराज के मकान का काम लगा हुआ था। तभी सुबह करीब 10 बजे गांव के सुरेश, शिवराज व अशोक पुत्रगण बारेलाल, सचिन पुत्र अवधेश, दीपेन्द्र पुत्र सुरेश, महेन्द्र पुत्र कैलाश, महेश पुत्र बारेलाल, शारदा पत्नी अशोक, पेरा पत्नी स्व.अवधेश ने एकराय होकर गालियां देते हुये लाठी-डण्डों व कुल्हाड़ी से जान से मारने की नीयत से पुष्पेन्द्र के साथ मारपीट कर दी। पुष्पेन्द्र के चिल्लाने पर बचाने पहुंची भारती, सखी, हरीसिंह, सुमन व शिवराज के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर गांव के अन्य लोगों के आने पर उक्त लोग ईंट पत्थरों से हमला करते हुये कुल्हाड़ी फेंक कर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। हमले में घायल लोगों को एम्ब्युलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी में भर्ती कराया गया, जहां से पुष्पेन्द्र, शिवराज, हरीसिंह व भारती को हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित की तहरीर उक्त लोगों के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 115 (2), 352, 351 (3), 118 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एक परिवार का कराया पुनर्मिलन

**ललितपुर।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक की उपस्थिति में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। बाकी सात मामलों को अग्रिम तिथि दी गयी। इस दौरान अजय बरया, डा.दीपक चौबे, सुधा कुशवाहा, डा.सुभाष जैन, एड.अरमान कुरैशी, महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी दीपिका, महिला नीलम आदि का विशेष सहयोग रहा।

### शिक्षक विधायक व डीएम के प्रयास से विद्यार्थियों को नई सौगात

ललितपुर। जिले में पीएम केन्द्रीय विद्यालय कक्षा 11 वी 12 की मानविकी वर्ग की कक्षाएं प्रारंभ किए जाने की मांग जनपद में लंबे समय से की जा रही थी शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी के संज्ञान में जब यह मामला आया तो उन्होंने जिलाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई किए जाने का ज्ञापन दिया।

# ललितपुर में ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला

## दो महिलाओं सहित अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में एक गंभीर ब्लैकमेलिंग और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने कमलेश प्रजापति (35) की शिकायत पर दो महिलाओं रश्मि यादव उर्फ नम्रता यादव और रूचि उर्फ रिंकी जैन सहित अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 308(4), 318(4), और 351(3) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर नंबर 0624) दर्ज की है। यह एफआईआर 31 मई 2025 को रात 8.53 बजे दर्ज की गई।

**शिकायतकर्ता का आरोप- ब्लैकमेलिंग का जाल और धमकी**

शिकायतकर्ता कमलेश प्रजापति, जो एक निजी अस्पताल में ओटी टेक्नीशियन के रूप में कार्यरत हैं, ने आरोप लगाया है कि रश्मि यादव उर्फ नम्रता यादव ने फर्जी नाम और कहानियों का सहारा लेकर उन्हें अपने जाल में फंसाया। कमलेश के अनुसार, रश्मि ने खुद को दयनीय स्थिति में बताकर उनसे संपर्क बनाया और बाद में ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी। रश्मि ने कथित तौर पर रूचि जैन उर्फ रिंकी जैन, जो खुद को पुलिस अधिकारी बताती थी, के साथ मिलकर कमलेश से 25 लाख रुपये और उनकी जमीन को अपने नाम करने की मांग की। कमलेश ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें और उनके परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने, जेल भेजने, और जान से मारने की धमकी दी। रश्मि ने यह भी धमकी दी कि वह उनके घर के सामने जहर खाकर आत्महत्या कर लेगी, जिससे कमलेश और उनका परिवार भयभीत है।

**फर्जी दस्तावेज और आपराधिक साजिश**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि रश्मि यादव एक अभ्यस्त ब्लैकमेलर है, जो फर्जी आधार कार्ड और परिचय पत्रों का उपयोग करती है। उसने पहले भी राहुल यादव नामक व्यक्ति, जो मध्य प्रदेश पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत बताया गया, को फंसाने की कोशिश की थी। कमलेश ने दावा किया कि रश्मि ने फर्जी शपथ पत्र बनवाकर उनका नाम अपने पति के रूप में दर्ज कराया, ताकि उन्हें किसी अपराध में फंसाया जा सके। यह शपथ पत्र 27 मई 2024 को ग्वालियर में नोटरी द्वारा निष्पादित किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही और कानूनी प्रक्रिया**

कमलेश ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पहले 17 फरवरी 2024 को ललितपुर के पुलिस अधीक्षक को डाक के माध्यम से भेजी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद, उन्होंने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, ललितपुर के समक्ष धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत प्रार्थना पत्र दाखिल किया, जिसके आधार पर यह FIR दर्ज की गई।

**पुलिस की जांच शुरू**

कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर अपराधों की जांच की जा रही है। शिकायत में उल्लिखित फर्जी द persàænall4 और आपराधिक गतिविधियों की सत्यता की जांच के लिए सबूत एकत्र किए जा रहे हैं।

# विशेष सचिव ने तिसगना पहुंचकर देखा कार्य



**ललितपुर।** जिले के तीन दिवसीय दौरे पर आये विशेष सचिव नमामि गंगे लखनऊ डा.राजेश प्रजापति ने मड़ावरा ब्लाक के ग्राम तिसगना में संचालित अमझरा फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड के मिनी गोदाम कम प्रोसेसिंग यूनिट में निदेशकों एवं कृषक शेयर धारकों के साथ कंपनी के द्वारा कृषि सम्बन्धी गतिविधियों का अवलोकन किया गया। डा.राजेश प्रजापति द्वारा अमझरा कंपनी के प्रोसेसिंग यूनिट के साथ कृषि विभाग द्वारा सहायतित मिनी गोडाउन, सोलर आधारित सिंचाई, खेत तालाब, प्राकृतिक खेती, डेरी पालन, बागवानी, सब्जी उत्पादन, फार्म मशीनरी बैंक का अवलोकन किया कंपनी द्वारा इनसीटू योजना अंतर्गत यंत्रों द्वारा की गयी पराली प्रबंधन को देखा एवं क्षेत्र में इसके विस्तार एवं कृषक जागरूकता हेतु कंपनी के निदेशकों को कहा गया। कृषि विभाग द्वारा बनाये प्राकृतिक क्लस्टर के उपस्थित कृषकों के प्राकृतिक खेती क्लस्टर के फायदे एवं किसानों के अनुभव पूछे तथा रवि सीजन में गेंहू के अतिरिक्त अन्य कम पानी की फसलों की बुआई हेतु सुझाव दिया गया एवं उन्होंने कृषक साथियों और अमझरा फार्मर प्रोडूसर कंपनी को ऑनलाइन डिजिटल मार्केटिंग के सुझाव दिया एवं स्थानीय सरकारी गौशालाओं में कृषक उत्पादक संगठन की भागीदारी एवं सहयोग हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम तिसगना में कृषि विभाग के प्राकृतिक क्लस्टर को देखा एवं प्राकृतिक उत्पादों के उत्पादन एवं विपणन एवं कृषि इनपुट की जानकारी ली। विशेष सचिव डॉ राजेश जी द्वारा उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना एवं उपस्थित अधिकारियों से निस्तारण हेतु कहा गया। इस दौरान डीडी कृषि बसंत कुमार, संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सोनू मंगल, बी.डी.ओ.मड़ावरा, एडीओ कृषि विभाग, अमझरा फार्मर प्रोडूसर कंपनी से निदेशक कुंजबिहारी शर्मा, सतेन्द्र सिंह, राम रतन, एवं शुभम सिंह परिहार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# दहेज में बीस लाख व कार न मिलने पर तोड़ी सगाई

## लड़के वालों के खिलाफ महिला ने दर्ज करायी एफआईआर

**ललितपुर।** लक्ष्मीपुरा निवासी सितारा बेगम पत्नी खलील खान ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। पत्र में पीड़िता ने पुत्री की सगाई के बाद लड़के वालों की ओर से दान-दहेज में भारी-भरकम दहेज मांगने और बेवसाइड पर गलत व कूटरचित जानकारी अंकित करते हुये धोखाधड़ी करते हुये सगाई की रकम वापस मांगने पर धमकाते हुये जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। प्रकरण में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सितारा बेगम ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी के लिए बेवसाइड पर सर्च करके एक लड़के को चिह्नित किया, जो कि मैरिज बेवसाइड पर दिये ब्यौरे के अनुसार रेलवे में सिविल इंजीनियर था। दिये हुये नम्बर पर बात करने पर मस्जिद के पास सैय्यद नगर कालोनी झांसी निवासी फैसल खान पुत्र सलीम ने जानकारी पुष्ट की। जनवरी में वह लड़की देखने आये और निकाह के लिए सहमति प्रदान कर सगुन में 501 रुपये व मिष्ठान दे गये। फरवरी में जब उन्होंने लड़के के घर पहुंच कर सगुन में 5001 रुपये देकर सगाई की तारीख 20 मार्च 2023 तय की।

# गली में खड़ी बाइक पार

**रायपुर, कासं.।** ड्राइवर गली सिविल लाइन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी खन्नु दास 26 वर्ष सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 वीडब्लू 5526 को सिविल लाइन स्थित ड्राइवर गली में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दो बाइक आपस में टकराई, बुज़ुर्ग की मौत

**रायपुर, कासं.।** ग्राम मोहंदी में दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जालंधर प्रसाद वर्मा 66 वर्ष ग्राम मोहंदी का रहने वाला था। बताया जाता है कि जालंधर अपने एक साथी टिकेश्वर वर्मा के साथ बाइक से कहीं जा रहा था। तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीटी 6967 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे जालंधर की मौत हो गई। वहीं टिकेश्वर घायल है। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## यात्री के जेब से 39 हजार से अधिक रकम पार

**रायपुर, कासं.।** आक्सीजोन गार्डन के पास ऑटो चालक ने युवक के जेब से 39500 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योधराम यादव 42 वर्ष ग्राम फरफौद का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह ऑटो क्रमांक सीजी 04 टी 6783 में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी ऑक्सीजोन गार्डन के पास ऑटो चालक ने ऑटो खराब हो गया कहते हुए प्रार्थी को दूसरे ऑटो में बिठा दिया। जब प्रार्थी ने अपने जेब को चेक किया तो उसमें नकदी 39500 रुपए गायब था। जिससे प्रार्थी ने इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना में की।

